प्रेस विज्ञप्ति

पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने किया फीता काटकर चौपाटी का शुभारंभ, गुलजार हुई चौपाटी

कोरबा– नगर पालिक निगम कोरबा के पार्षद एवं चौपाटी संघ के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र देवांगन ने गुरूवार शाम को स्मृति उद्यान के पीछे स्थित चौपाटी का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ कराया। उन्होने चौपाटी संघ के सदस्यों व दुकान संचालकों को अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी। अब चौपाटी का विधिवत संचालन प्रारंभ हो गया है, जहॉ पर आमजन पहुंचकर अपने पसंदीदा व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे।

यहॉ उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन व निगम प्रशासन की पहल पर घंटाघर मैदान में लगने वाले खान पान के ठेलों, दुकानों को स्मृति उद्यान के पीछे निर्मित चौपाटी में शिफ्ट किया गया है। गुरूवार शाम को चौपाटी संघ के अध्यक्ष व पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने चौपाटी संघ के पदाधिकारियों,

सदस्यों व अन्य नागरिकों की उपस्थिति में फीता काटकर चौपाटी का विधिवत शुभारंभ कराया, इसके साथ ही चौपाटी का संचालन प्रारंभ हो गया। अब आमजन चौपाटी में स्वादिष्ट व्यंजनों का पुनः लुत्फ उठा सकेंगे। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी रामकुमार राठौर, शैलेश सिंह सोमवंशी, कमलेश सोनी, हसीन अहमद, प्रेमनारायण वैष्णव, संतोष कुशवाहा, रिजवान खान, पुष्पेन्द्र राजपूत, राज सिंह, देव गुर्जर आदि के साथ चौपाटी संघ के अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।